भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-4115

जिसका उत्तर 18 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।

विद्युत हिस्से में वृद्धि

4115. श्री चन्द्रेश्वर प्रसादः

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पूर्वी क्षेत्र की केंद्रीय विद्युत इकाइयों के आवंटित हिस्से में बिहार राज्य का विद्युत हिस्सा बढ़ गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसके परिणामस्वरूप कुल कितने मेगावाट की वृद्धि हुई है?

उत्तर

विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख) : केंद्रीय उत्पादन स्टेशन (सीजीएस) से बिहार को आबंटित विद्युत का हिस्सा 31.03.2014 को 1918 मेगावाट से बढ़कर 31.05.2019 को 3709 मेगावाट हो गया है। इस प्रकार, सीजीएस से विद्युत का आबंटन 1791 मेगावाट बढ़ा है।

******